# झारखण्ड अधिविद्य परिषद्, राँची
# JHARKHAND ACADEMIC COUNCIL, RANCHI

**कक्षा 11 (सत्र 2025–27) के लिए नियमित एवं स्वतंत्र रुप से पंजीकृत होने वाले छात्र/छात्राओं के पंजीयन एवं विशेष परीक्षा के संबंध में आवश्यक सूचना**

## विज्ञप्ति संख्या – 37/2026

एतद् द्वारा राज्य के सभी कोटि के +2 विद्यालयों/इंटर महाविद्यालयों के सत्र 2025–27 के वार्षिक इंटरमीडिएट परीक्षा, 2027 में नियमित एवं स्वतंत्र रुप से सम्मिलित होने वाले सभी छात्र/छात्राओं, अभिभावकों एवं प्राचार्यों को सूचित किया जाता है कि कक्षा 11 की वार्षिक परीक्षा, 2026 में अनुत्तीर्ण तथा सम्मिलित होने से वंचित छात्र/छात्राओं के लिए कक्षा 11 की विशेष परीक्षा, 2026 का आयोजन किया जा रहा है। उक्त परीक्षा हेतु पंजीयन प्रपत्र एवं वर्ष 2026 की कक्षा 11 की विशेष परीक्षा हेतु परीक्षा प्रपत्र को निम्न वर्णित शर्त्तों के अनुरुप लिया जाएगा :–

ऑनलाइन पंजीयन प्रपत्र एवं बैंक में शुल्क संबंधी चालान जमा करने की तिथि का निर्धारण निम्नवत् है :–

| शुल्क विवरणी | ऑनलाइन प्रपत्र भरने भरने की तिथि | चालान जेनरेट करने की अंतिम तिथि | ऑनलाइन या RTGS/NEFT के माध्यम से शुल्क जमा करने की अंतिम तिथि |
|---|---|---|---|
| विलम्ब शुल्क रहित | 01.06.2026 से 12.06.2026 तक | 12.06.2026 | 15.06.2026 |
| विलम्ब शुल्क सहित | 13.06.2026 से 20.06.2026 तक | 20.06.2026 | 22.06.2026 |

**नोट** :– दिनांक 12.06.2026 के बाद जेनरेट होनेवाले सभी चालान विलम्ब शुल्क के साथ जेनरेट होंगे। ऊपर निर्धारित तिथि के पश्चात् फॉर्म भरने से संबंधित कोई भी कार्रवाई नहीं की जाएगी।

ऑनलाइन पंजीयन परिषद् के वेबसाइट www.jac.jharkhand.gov.in के माध्यम से +2 विद्यालय/इंटर महाविद्यालय द्वारा किया जाएगा। पंजीयन एवं परीक्षा प्रपत्र भरने की प्रक्रिया, आवश्यक दिशा–निर्देश एवं शुल्क विवरणी वेबसाइट पर उपलब्ध होगा, जिसके अनुरुप +2 विद्यालय/इंटर महाविद्यालय के प्राचार्य आवेदन प्रपत्र भरेंगे। पंजीयन एवं परीक्षा आवेदन प्रपत्र +2 विद्यालय/इंटर महाविद्यालय द्वारा संधारित List of Student (LoS) प्रपत्र के अनुसार ही भरा जायेगा। किसी भी प्रकार की त्रुटि होने की स्थिति में इसके लिए +2 विद्यालय/इंटर महाविद्यालय प्राचार्य एवं नोडल पदाधिकारी जिम्मेवार माने जायेंगे।

- ❖ **कक्षा 11 की विशेष परीक्षा OMR sheet के माध्यम से आयोजित की जाएगी। प्रश्न बहुवैकल्पिकीय (MCQ) प्रकृति के होंगे।**
- ❖ **जिन छात्र/छात्राओं के पंजीयन की अवधि अधिकतम तीन वर्ष समाप्त हो चुकी हो, अर्थात् जिनका पंजीयन वर्ष 2021 (सत्र 2021–23) या उससे पूर्व हो, उन्हें नये रुप से पुनः पंजीयन (Fresh registration) कराना अनिवार्य होगा तथा कक्षा 11 की विशेष परीक्षा, 2026 में सम्मिलित होना आवश्यक होगा। कक्षा 11 की विशेष परीक्षा, 2026 में उत्तीर्ण होने के पश्चात् ही ऐसे छात्र/छात्रा इंटरमीडिएट परीक्षा, 2027 के लिए पात्र होंगे।**
- ❖ **छात्रों को उसी विषय में पंजीयन कराने की अनुमति होगी, जिस विषय के शिक्षक +2 विद्यालय/महाविद्यालय में नियुक्त होंगे या पठन–पाठन का कार्य किया जा रहा होगा।**
- ❖ **एक समान विषय (यथा– ENA-ENG; HNA-HIN) को एक साथ चयन कर पंजीयन नहीं किया जायेगा। एक समान विषयों को एकसाथ चयन कर पंजीयन किए जाने की स्थिति में परीक्षाफल Invalid घोषित कर दिया जायेगा, जिसके लिए प्राचार्य एवं छात्र समान रुप से जिम्मेवार माने जायेंगे और बाद में उनके किसी भी अभ्यावेदन पर विचार नहीं किया जायेगा।**

अध्यक्ष के आदेश से

ह0/–
सचिव,
झारखण्ड अधिविद्य परिषद्,
राँची।

JAC/CON/484/26-Secy/440/26
Dated – 27.05.2026